अध्याय 14

महिलाओं का सशक्तिकरण

महिलाओं का सशक्तिकरण

कोल इंडिया लिमिटेड

महिला सशक्तिकरण हेतु सीएसआर पहलें

कोल इंडिया लि. द्वारा वित्तीय वर्ष 2018–2019 के दौरान अपने कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के अंतर्गत महिला सशक्तिकरण हेतु निम्नलिखित उल्लेखनीय पहलें की गई हैं:

1. पुरूलिया जिले के 50 स्कूलों में मेंस्ट्रूअल हाइजिन मैनेजमेंट (एमएचएम) परियोजना जिसके तहत स्कूलों में सेनिटरी पैड वेंडिंग मशीनें और इंसीनिरेटर्स लगाए गए हैं। कुल परियोजना लागत 85.94 लाख रु. है।

2. सूरजपुर जिलाए छत्तीसगढ़ में 2.75 करोड़ रु. की लागत से 100 बिस्तर वाले बालिका छात्रावास–आजीविका महाविद्यालय का निर्माण।

3. केरल के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में 7.50 लाख की लागत से पांच वर्ष तक की उपयोगिता अवधि वाले मेंस्ट्रूअल कप्स का वितरण किया गया है।

4. अक्षर चेरिटेबल ट्रस्ट, रांची को नवजात शिशुओं के लिए किट्स डिजाइन करने और सिलने में उद्यमिता कौशल के माध्यम से आदिवासी महिलाओं के उत्थान के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करना।

5. लकड़ी जलने पर निकलने वाले धुएं की वजह से महिलाओं में होने वाली बीमारियों को रोकने के लिए पुरूलिया जिले में 9,000 परिवारों को कम धुएं वाले उन्नत कुक स्टोव्स का वितरण किया गया है।

6. वंचित महिलाओं की आय सृजन में मदद करने के लिए पश्चिम बंगाल के हुगली जिले में गारलगाछा विवेकानंद समाज सेवा केंद्र के माध्यम से सिलाई मशीनों का वितरण किया गया है।

सार्वजनिक क्षेत्र में महिला (डब्ल्यूआईपीएस)

सीआईएल और इसकी सहायक कंपनियों की विभिन्न स्थापनाओं में लगभग 19,775 महिला कर्मचारी कार्यरत हैं। सार्वजनिक क्षेत्र में महिला (डब्ल्यूआईपीएस) मंच की स्थापना दिनांक 12 फरवरी, 1990 को स्टैंडिंग कांफ्रेंस ऑफ पब्लिक एंटरप्राइजेज (एससीओपीई) के तत्वाधान में की गई थी। कोल इंडिया में यह 1990 में अस्तित्व में आया। यह मंच कंपनी में महिला सशक्तिकरण के लिए सक्रिय रूप से कार्य कर रहा है। कोल इंडिया लिमिटेड में एक यौन उत्पीड़न शिकायत समिति है जिसमें भारत के माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा दिए गए दिशा–निर्देशों के अनुसार सदस्य हैं। मातृत्व लाभ अधिनियम, 1961 के अंतर्गत मातृत्व लाभ प्रदान करने के अलावा महिला कर्मचारियों को नीति में निर्धारित की गई अन्य शर्तों के अध्याधीन पूर्ण वेतन पर 730 दिनों का बाल देख–रेख अवकाश प्रदान किया जाता है।

एनएलसी इंडिया लिमिटेड :

एनएलसी इंडिया लिमिटेड में 31 मार्च, 2019 की स्थिति के अनुसार महिला कर्मचारियों की संख्या 1,004 है जिसमें 335 कार्यपालक है। उनकी क्षमता के विकास के लिए निम्नलिखित कार्यक्रमों का आयोजन किया गया था।

- एक डॉक्टर सहित वरिष्ठ महिला कार्यपालकों की समिति का गठन किया गया था ताकि कार्यस्थल पर महिला कर्मचारियों को यौन उत्पीड़न से बचाया जा सके।
- सेवारत महिला कर्मचारियों के लाभार्थ ''अनबालय'' नामक शिशुसदन की शुरूआत की गई जिसमें प्रशिक्षित कार्मिक सेवारत हैं।
- डब्ल्यूआईपीएस के एनएलसी इंडिया लि. चैप्टर ने भी महिला कर्मचारियों के लाभ के लिए कई खेलकूद, सांस्कृतिक कार्यकलाप, सामूहिक परिचर्चाओं का आयोजन किया है।